>

Title: Need to construct a four lane road from Hajipur to Chhapra via Gopalganj and Siwan in Gopalganj Parliamentary Constituency, Bihar.

श्री पूर्णमासी राम (गोपालगंज): मेरे संसदीय क्षेत्र गोपालगंज में एन.एच.डी.पी. फेज सं.-3 के तहत हाजीपुर से छपरा, सिवान, गोपालगंज होते हुए 4 फोर लेन सड़क बनाने के लिए स्वीकृति हुई थी। इधर ज्ञात हुआ है कि किसी कारणवश केवल छपरा तक सड़क बनाकर कार्य बंद किया जा रहा है, जबकि यह सड़क बन जाने पर बिहार की राजधानी पटना और उत्तर प्रदेश को जोड़ने वाली महत्वपूर्ण कम दूरी की सड़क होगी तथा भगवान बुद्ध के निवारण स्थल कुशीनगर को बिहार से जोड़ने वाली कम दूरी की जनउपयोगी सड़क होगी।

मैं माननीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री से मांग करता हूं कि जनहित एवं दो राज्यों के हित में उक्त 4 फोर लेन सड़क बनवाने का कष्ट करें।